इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 52] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 28 दिसम्बर 2012—पौष 7, शक 1934

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर 2012

क्र. ई-1-464-2011-5-एक.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री एस. आर. मोहन्ती, भाप्रसे (1982), सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग तथा आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को आवंटन वर्ष 1982 के भाप्रसे अधिकारियों के प्रमुख सचिव ग्रेड में पदोन्नति की उपयुक्तता के लिये दिनांक 14 फरवरी, 2007 को संपन्न छानबीन समिति की बैठक में समिति द्वारा की गई अनुशंसा के क्रम में आदेश जारी होने की तिथि से प्रमुख सचिव ग्रेड में पदोन्नत करता है.

(2) यह पदोन्नति श्री मोहन्ती द्वारा उनके विरुद्ध राज्य शासन द्वारा आरोप-पत्र जारी किये जाने और विभागीय जांच संस्थित करने के विरुद्ध केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 267/2010 पर अधिकरण के अंतिम निर्णय, विभागीय जांच के अंतिम निर्णय, किसी अन्य न्यायालय एवं राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के अपराध क्रमांक 25/2004 के संदर्भ में राज्य शासन द्वारा दिनांक 28 जून 2011 को भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजे गए प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा भविष्य में लिए जाने वाले अंतिम निर्णयों के अध्यधीन रहेगी.

(3) पदोन्नति उपरांत श्री एस. आर. मोहन्ती, भाप्रसे (1982) को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक वि. क. अ.-सह-सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग तथा वि. क. अ.-सह-आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम (अतिरिक्त प्रभार) पदस्थ किया जाता है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

(4) उपरोक्तानुसार श्री एस. आर. मोहन्ती द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भाप्रसे (वेतन) नियमावली, 2007 के नियम 9 के अन्तर्गत वि. क. अ.-सह-सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों की अनुसूची-II में सम्मिलित प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 दिसम्बर 2012

क्र. एफ. 1(ए)40-2003-ब-2-दो.—श्री एस. के. सक्सेना, भापुसे, (1996) उप पुलिस महानिरीक्षक, रतलाम रेंज, रतलाम को दिनांक 17 से 28 दिसम्बर 2012 तक बारह दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 15, 16 दिसम्बर 2012 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुये, राज्य शासन द्वारा खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 के विस्तार वर्ष 2012 में गृह नगर यात्रा के बदले में भारत भ्रमण यात्रा की पात्रता के तहत परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ "अहमदाबाद (गुजरात)" की अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है :—

1.	श्री एस. के. सक्सेना	—	स्वयं
2.	श्रीमती मीनाक्षी सक्सेना	—	पत्नी
3.	श्री मोहित सक्सेना	—	पुत्र
4.	श्री शोमित सक्सेना	—	पुत्र

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री एस. के. सक्सेना, भापुसे, को दस दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में श्री एस. के. सक्सेना, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, रतलाम रेंज, रतलाम का कार्य डॉ. रमन सिंह, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, रतलाम द्वारा अतिरिक्त रूप से, अपने कार्य के साथ-साथ, संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री एस. के. सक्सेना, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, रतलाम रेंज, रतलाम के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री एस. के. सक्सेना उप पुलिस महानिरीक्षक, रतलाम रेंज, रतलाम का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री एस. के. सक्सेना, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. के. सक्सेना, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 14 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-1 (ए) 154-93-ब-2-दो.—श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 17 दिसम्बर 2012 से 5 जनवरी 2013 तक, कुल बीस दिवस का अर्जित अवकाश, दिनांक 15, 16 दिसम्बर 2012 एवं 6 जनवरी 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे, की अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री एस. के. पाण्डे, भापुसे पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. श्रीनिवास राव, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इंद्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-6-7-2011-अट्ठावन.—भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग के पत्र क्रमांक 13011-15-99-क्रेडिट-2, दिनांक 26 जुलाई 1999 द्वारा दिये गये अधिकारों का प्रयोग करते हुये, राष्ट्रीय कृषि बीमा योजनान्तर्गत मौसम रबी 2012-13 के लिये

संलग्न सूची अनुसार आलू तथा प्याज फसलों के लिये जिला/तहसील स्तर पर राज्य शासन द्वारा परिभाषित क्षेत्र घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. आर. काटवाले, अवर सचिव.

राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2012-13 मौसम रबी हेतु प्रस्तावित (क्षेत्र) तहसीलें

फसल-आलू

स. क्र.	जिला	तहसील
(1)	(2)	(3)
1	शाजापुर	1. शाजापुर
		2. गुलाना
		3. मो. बड़ोदिया
2	देवास	4. देवास
		5. हाटपिपल्या
		6. सोनकच्छ
3.	इन्दौर	7. इन्दौर
		8. महू
		9. सांवेर
		10. देपालपुर
4.	सिंगरौली	11. सिंगरौली
5.	सागर	12. सागर
6.	उज्जैन	13. उज्जैन
		14. तराना
7.	धार	15. धार

फसल-प्याज

स. क्र.	जिला	तहसील
(1)	(2)	(3)
1	खण्डवा	1. पंधाना
		2. खण्डवा
2	सागर	3. सागर
3	भोपाल	4. हुजूर
4	शाजापुर	5. शुजालपुर
		6. गुलाना
		7. शाजापुर
5	देवास	8. देवास
		9. बागली
6	उज्जैन	10. उज्जैन

आयुक्त सह-संचालक,
उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी.

विधि एवं विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर 2012

फा. क्र. 4-1-2002-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 14 अगस्त 2002 के अनुक्रम में, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा 4 के अधीन इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 4 मार्च 2002 द्वारा गठित कुटुम्ब न्यायालय में मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम-3(3) के अंतर्गत उच्च न्यायिक सेवा के सदस्य को उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गये कुटुम्ब न्यायालय में उनके कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से आगामी आदेश होने अथवा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने (जो भी पहले हो) तक सारणी में वर्णित स्थान पर नियुक्त करता है.

उच्च न्यायिक अधिकारी को देय वेतन तथा भत्ता का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम-3(3) के अंतर्गत होगा :—

क्र.	न्यायिक अधिकारी का नाम एवं वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना एवं कुटुम्ब न्यायालय का मुख्यालय नाम
(1)	(2)	(3)
1	श्री जगदीश प्रसाद माहेश्वरी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दमोह.	प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 20 दिसम्बर 2012

क्र. 17(ई)-49-2009-इक्कीस-ब(एक).—कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, उच्च न्यायालय के परामर्श के पश्चात्, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 17-(ई)-49-2009-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 3 सितम्बर 2010, जो मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक सितम्बर, 2010 में प्रकाशित हुई थी, में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुक्रमांक 1 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

अ. क्र.	कुटुम्ब न्यायालय का नाम	मुख्यालय	क्षेत्र जिसकी अधिकारिता तक विस्तार होगा
(1)	(2)	(3)	(4)
"1	कुटुम्ब न्यायालय, टीकमगढ़	टीकमगढ़	राजस्व तहसील टीकमगढ़ की क्षेत्रीय सीमाएं.".

No. 17 (E)-49-2009-XXI-B-(1).—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Family Court Act, 1984 (No. 66 of 1984), the State Government, after consultation with the High Court, hereby makes the following amendment in this department's notification No. 17(E)-49-2009-XXI-B(1) dated 3rd September 2010, which was published in the Madhya Pradesh Gazette dated 17th September, 2010, namely :—

AMENDMENT

In the said notification, for serial Number 1 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

S. No.	Name of Family Court	Head Quarters	Area to which the Jurisdiction shall extend
(1)	(2)	(3)	(4)
"1.	Family Court Tikamgarh.	Tikamgarh	Territorial limits of Revenue Tehsil, Tikamgarh.".

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर 2012

फा. क्र. 1(बी) 15-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री कृष्ण कुमार थापक पुत्र स्व. श्री आर. के. थापक, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये होशंगाबाद सत्र खण्ड के होशंगाबाद राजस्व जिले के लिये लोक अभियोजक होशंगाबाद नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

(टीप.—श्री कृष्ण कुमार थापक की जन्म तिथि 13 जुलाई 1956 तेरह जुलाई उन्नीस सौ छप्पन है और उनकी आयु 62 वर्ष अवधि दिनांक 13 जुलाई 2018 तेरह जुलाई दो हजार अट्ठारह को पूर्ण होगी.)

भोपाल, दिनांक 19 दिसम्बर 2012

फा. क्र. 1(बी) 29-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री दीपक कुमार कुर्रे पुत्र श्री रघुनाथ कुर्रे, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये खण्डवा सत्र खण्ड के खण्डवा राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक खण्डवा नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

(टीप.—श्री दीपक कुमार कुर्रे की जन्म तिथि 24 फरवरी 1969 चौबीस फरवरी उन्नीस सौ उन्हत्तर है और उनकी आयु 62 वर्ष अवधि दिनांक 24 फरवरी 2031 चौबीस फरवरी दो हजार इकतीस को पूर्ण होगी.)

भोपाल, दिनांक 20 दिसम्बर 2012

फा. क्र. 1(सी)-36-2012-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालयों के लिये अधिनियम की धारा-15 के अंतर्गत श्री मदन मोहन द्विवेदी, अधिवक्ता को जिला बालाघाट में विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

उक्त नियुक्ति उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से तीन वर्ष के लिये होगी. बिना कोई कारण बताये नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

नियुक्त अभिभाषक को शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1(सी)-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 24 अप्रैल 2008 के अनुरूप देय होंगे.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या-64-मुख्यशीर्ष-2225-(5171) विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां-003-अभिभाषकों को फीस के अंतर्गत विकलनीय होगा.

देयक का भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

फा. क्र. 1(सी)-37-2012-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालयों के लिये अधिनियम की धारा-15 के अंतर्गत श्री कृष्ण कुमार शर्मा, अधिवक्ता को जिला सीहोर (म.प्र.) में विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

उक्त नियुक्ति उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से तीन वर्ष के लिये होगी. बिना कोई कारण बताये नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

नियुक्त अभिभाषक को शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1(सी)-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 24 अप्रैल 2008 के अनुरूप देय होंगे.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या-64-मुख्यशीर्ष-2225-(5171) विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां-003-अभिभाषकों को फीस के अंतर्गत विकलनीय होगा.

देयक का भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एम. चतुर्वेदी, सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 दिसम्बर 2012

क्र. डी-15-25-2012-चौदह-3.—

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव,
   म. प्र. शासन,
   खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,
   मंत्रालय, भोपाल.
2. अपर मुख्य सचिव, सह कृषि उत्पादन आयुक्त,
   म. प्र. शासन, मंत्रालय, भोपाल.
3. प्रमुख सचिव,
   माननीय मुख्यमंत्री, म. प्र. शासन,
   मंत्रालय, भोपाल.
4. प्रमुख सचिव,
   म. प्र. शासन, सहकारिता विभाग,
   मंत्रालय, भोपाल.
5. प्रबंध संचालक,
   म. प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड
   पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल.
6. प्रबंध संचालक,
   म. प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, (मार्कफेड)
   जहांगीराबाद, भोपाल.
7. प्रबंध संचालक,
   म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
   26-अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल.
8. क्षेत्रीय महाप्रबंधक,
   भारतीय खाद्य निगम,
   चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल.

विषय.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 40-क(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड एवं प्रदेश की समस्त कृषि उपज मंडी समितियों को समर्थन मूल्य पर प्राधिकृत अभिकरण, संस्था या एजेन्सी के द्वारा उपार्जित अधिसूचित कृषि उपज के संदर्भ में मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 31, 32, 19(6) एवं मंडी समितियों के लिये उपविधि सन् 2000 की कण्डिका 20(10) अंतर्गत अपनाई जाने वाली प्रक्रिया बाबत् निर्देश.

मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (यथा मंडी अधिनियम) की धारा 31 के अंतर्गत मंडी कृत्यकारी के रूप में कार्य करने हेतु अनिवार्यता का उल्लेख है तथा अधिनियम की धारा 19(6) के अनुसार अधिसूचित कृषि उपज को मंडी प्रांगण, मूल मंडी या मंडी क्षेत्र से हटाये जाने के प्रावधानों का उल्लेख किया गया है.

(2) मंडी अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (3)(1)(एक) एवं 19 की उपधारा (3)(1)(दो) के अनुसार निर्दिष्ट मंडी फीस किसी अधिसूचित कृषि उपज पर एक से अधिक बार उद्ग्रहित नहीं की जायेगी.

(3) मंडी अधिनियम की धारा 6 के प्रथम परन्तुक (क) (पांच) में प्राधिकृत उचित मूल्य की दुकान के दुकानदार द्वारा केन्द्र शासन या राज्य शासन की प्राधिकृत संस्था से लोक वितरण पद्धति से आवश्यक वस्तुओं के वितरण करने के लिये क्रय की गयी अधिसूचित कृषि उपज पर अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे, का उल्लेख है.

(4) राज्य सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर अधिसूचित कृषि जिन्स क्रय करने हेतु अपनाई जा रही प्रक्रिया अन्तर्गत मुख्य रूप से भारतीय खाद्य निगम, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड तथा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) को प्राधिकृत संस्था के रूप में नियुक्त किया जाता है.

(5) राज्य सरकार के द्वारा प्राधिकृत अभिकरण, संस्था या एजेन्सी के द्वारा अधिसूचित कृषि उपज के क्रय का कार्य प्राथमिक/वृहत्ताकार कृषि साख सेवा सहकारी समितियों अथवा विपणन सहकारी समितियों को अपना एजेन्ट नियुक्त कर किया जाता है तथा इन संस्थाओं के द्वारा अपने क्षेत्र की संबंधित कृषि उपज मंडी समितियों से मंडी अधिनियम की धारा 31 एवं 32 के प्रावधान अनुसार लायसेंस प्राप्त कर उपार्जन का यह कार्य सम्पादित करती है.

(6) वर्तमान में राज्य सरकार के द्वारा प्राधिकृत अभिकरण, संस्था या एजेन्सी के द्वारा नियुक्त सहकारी समितियों के माध्यम से अधिसूचित कृषि उपज का उर्पाजन का कार्य संपादित होता है, जिनके द्वारा उपार्जित स्कंध को राज्य सरकार की संस्था यथा मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड तथा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) को हस्तांतरण कर दिया जाता है तथा इन संस्थाओं के द्वारा उपार्जित कृषि उपज के स्कंध को सेन्ट्रल पूल में भारतीय खाद्य निगम को हस्तांतरित किया जाता है. भारतीय खाद्य निगम द्वारा लोक वितरण पद्धति अंतर्गत वितरण हेतु उचित मूल्य के दुकानदारों को या ओपन मार्केट सेल्स स्कीम (ओ.एम.एस.एस.) अंतर्गत नीलामी के माध्यम से इसे बेचा जाता है. प्रकरण अंतर्गत प्राधिकृत शासकीय संस्थाओं के द्वारा उपार्जित अधिसूचित कृषि उपज पर मंडी फीस और निराश्रित शुल्क का भुगतान संबंधित मंडियों को किया गया है परन्तु उपार्जित स्कंध को राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की संस्था को हस्तांतरण करते समय अनुज्ञापत्र की प्राप्ति नहीं की गई है. इस कारण विशेषकर जब ओपन मार्केट सेल्स स्कीम (ओ.एम.एस.एस.) अंतर्गत अधिसूचित

कृषि जिन्स का विक्रय होता है तो संबंधित कृषि उपज मंडी समिति द्वारा मंडी फीस भुगतान का सत्यापन न कर पाने से उपज क्रेता को अनुज्ञापत्र जारी किये जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. यहां यह भी लेख है कि राज्य सरकार के द्वारा प्राधिकृत अभिकरण, संस्था या एजेन्सी के द्वारा मंडी अधिनियम के प्रावधान अनुसार अधिसूचित कृषि उपज के व्यापार हेतु लायसेंस भी प्राप्त नहीं किया गया है.

(7) उपरोक्त पैरा-6 में उल्लेखित स्थिति पर मध्यप्रदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा अनुरोध किया गया कि समर्थन मूल्य पर कृषि उपज उपार्जन का कार्यक्रम अति वृहद होता है जिसे मानसून आदि को दृष्टिगत रखते हुए एक निश्चित समयावधि में पूर्ण किया जाना भी अनिवार्य होता है. उपार्जन कार्यक्रम में चूंकि प्रदेश की विभिन्न सहकारी समितियां एवं विभाग सहभागी होकर कार्य करते हैं, अत: मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 31, 32, 19(6) तथा मंडी समितियों की उपविधि सन् 2000 की कण्डिका 20(10) के प्रावधान अनुसार उपार्जित अधिसूचित कृषि उपज के परिवहन, भण्डारण, स्कंध स्थानांतरण आदि के लिये अनुज्ञा पत्र प्राप्ति की जाना व्यवहारिक नहीं हो पाता है.

(8) चूंकि समर्थन मूल्य पर अधिसूचित कृषि उपज का उर्पाजन केन्द्र सरकार के निर्देशों राज्य सरकार द्वारा सम्पन्न किया जाता है और इस पर देय मंडी फीस एवं निराश्रित शुल्क आदि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा नियुक्त संस्थाओं द्वारा एकल बिन्दु पर प्राप्त हो रहा है परन्तु उपरोक्त उल्लेख अनुसार अन्य प्रक्रियाओं के पालन में ही कठिनाई का अनुभव हो रहा है, जिसके परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा यह विनिश्चय किया गया है कि मंडी अधिनियम की धारा 31, 32, 19(6) एवं मंडी उपविधि सन् 2000 की कण्डिका 20(10) के प्रावधानों को समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए प्राधिकृत संस्थाओं हेतु सरल और सहज बनाया जाये.

(9) अत: मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 40-क(1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड एवं प्रदेश की समस्त कृषि उपज मंडी समितियों को यह निर्देशित किया जाता है कि—

9(अ).—केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर अधिसूचित कृषि उपज क्रय किये जाने हेतु केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अभिकरण, संस्था या एजेन्सी को या इनके द्वारा इस कार्य के लिये नियुक्त प्राथमिक/वृहत्ताकार कृषि साख सेवा सहकारी समितियों अथवा विपणन सहकारी समितियों को मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 31 एवं 32 अन्तर्गत मंडी कृत्यकारी के रूप में कार्य करने हेतु लायसेंस प्राप्त करना होगा परन्तु वे प्रतिभूतियों से मुक्त होगी.

9(ब).—समर्थन मूल्य पर अधिसूचित कृषि उपज के क्रय उपरान्त भण्डारण हेतु परिवहन, हस्तांतरण/स्थानांतरण हेतु केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अभिकरण, संस्था, एजेन्सी के द्वारा प्रत्येक संबंधित मंडी को प्रत्येक माह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जायेगा कि जिसमें संबंधित मंडी के कार्य क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तुत किये गये प्रमाण-पत्र अवधि में उनके द्वारा नियुक्त एजेन्सीवार कितनी मात्रा में अधिसूचित कृषि उपज का उपार्जन किया गया, उपार्जित कृषि उपज का मूल्य तथा उस पर देय मंडी फीस, निराश्रित शुल्क एवं भुगतान की गई मंडी शुल्क तथा निराश्रित शुल्क का विवरण अनिवार्यत: अंकित होगा. इस प्रमाण-पत्र को कृषि उपज मंडी समितियों के द्वारा मंडी समितियों के लिये उपविधि सन् 2000 के प्रारूप दस के अनुरूप घोषणा-पत्र के रूप में मान्य किया जायेगा और मंडी फीस के भुगतान एवं स्कंध के परिवहन, प्राप्ति एवं हस्तांतरण हेतु यह प्रमाण रूप में मान्य होगा तथा इसके लिये कृषि उपज मंडी समिति द्वारा पृथक् से मंडी समितियों के लिये उपविधि सन् 2000 के प्रारूप नौ अनुसार अनुज्ञा-पत्र जारी करने की आवश्यकता नहीं होगी.

9(स).—यदि समर्थन मूल्य पर खरीदी गयी अधिसूचित कृषि उपज का राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की प्राधिकृत संस्था द्वारा ओपन मार्केट सेल्स स्कीम (ओ. एम. एस. एस.) में विक्रय किया जाता है तो संबंधित मंडी समिति को राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की प्राधिकृत संस्था द्वारा प्रेषित रिलीज आर्डर (मूलप्रति) में यह प्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा कि संबंधित अधिसूचित कृषि उपज का किस विपणन वर्ष में प्रदेश में उपार्जन हुआ है तथा इस पर निर्धारित मंडी फीस का भुगतान राज्य सरकार के द्वारा उपार्जन हेतु प्राधिकृत किस संस्था के द्वारा किया गया है. इस रिलीज ऑर्डर को मंडी समितियों के लिये उपविधि सन् 2000 के प्रारूप दस के अनुरूप घोषणा-पत्र मान्य करते हुए संबंधित कृषि उपज मंडी समिति जिसे यह प्रेषित किया गया है, के द्वारा उपविधि सन् 2000 के प्रारूप नौं में अनुज्ञा-पत्र जारी किया जायेगा.

उपरोक्त निर्देश खरीफ विपणन वर्ष 2010-11 तथा रबी विपणन वर्ष 2010-11 से आरम्भ होते हुए आगामी वर्षों में प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जित अधिसूचित कृषि उपज के लिये लागू होंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के त्रिपाठी, उपसचिव.

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-11-14-2012-तीस.—राज्य शासन की यह राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उनका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

(2) अतएव, मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्ट्स एण्ड आर्क्योलॉजीकल साईट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा दो माह पश्चात् उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

(3) किसी भी ऐसा आपत्ति पर, जो इस संबंध में उक्त प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जाएगा :—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	भोपाल	हुजूर	नगर निगम कार्यालय हेड ऑफिस बना है	सदर मंजिल रखरखाव	1839/1326	7.72 एकड़	नगर निगम के कब्जे में	नहीं है

क्र. एफ-11-16-2012-तीस.—राज्य शासन की यह राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उनका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

(2) अतएव, मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्ट्स एण्ड आर्क्योलॉजीकल साईट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा दो माह पश्चात् उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

(3) किसी भी ऐसा आपत्ति पर, जो इस संबंध में उक्त प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जाएगा :—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	भोपाल	हुजूर	ईदगाह हिल्स	बेनजीर बिल्डिंग	77	3.13 एकड़	म. प्र. शासन नजूल भूमि	नहीं

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विनोद कटेला, अपर सचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-25-63-2010-दस-3.—मध्यप्रदेश शासन वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 25-15-90-दस-3, दिनांक 30 सितम्बर 1992 में आंशिक संशोधन करते हुये, बालाघाट वन वृत्त के उत्तर/दक्षिण/पश्चिम उत्पादन वनमंडलों में से पश्चिम उत्पादन वन मंडल बालाघाट को समाप्त कर उत्पादन वनमंडलों का पुनर्गठन निम्नानुसार किया जाता है :—

क्र.	वन वृत्त का नाम	जिले का नाम	वनमंडल का नाम (मुख्यालय)	उत्पादन उप वनमंडल के नाम (मुख्यालय)	उत्पादन परिक्षेत्रों एवं काष्ठागार का नाम (मुख्यालय)	उत्पादन उप वन मंडलों की सीमाओं का विवरण	उत्पादन वनमंडलों की सीमाओं का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	बालाघाट	बालाघाट	1. उत्तर उत्पादन बालाघाट (बालाघाट)	1. उकवा उत्पादन (बालाघाट)	1. दक्षिण लामता (लामता) 2. उत्तर लामता (लामता) 3. उकवा (उकवा) 4. उकवा डिपो (उकवा) 5. लामता डिपो (लामता)	**उत्तर**—वन विकास निगम लामता परियोजना बालाघाट की सीमा. **पूर्व**—बैहर उत्पादन उप वन मंडल की पश्चिमी सीमा. **दक्षिण**—दक्षिण उत्पादन वन मण्डल की उत्तरी सीमा एवं बैनगंगा नदी. **पश्चिम**—बैनगंगा नदी एवं लामता परियोजना वनमंडल बालाघाट की सीमा.	**उत्तर**—मंडला जिला कान्हा नेशनल पार्क एवं बफर जोन वन मंडल की सीमा. **पूर्व**—छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा. **दक्षिण**—दक्षिण बालाघाट उत्पादन वन मंडल की उत्तरी सीमा. **पश्चिम**—दक्षिण बालाघाट उत्पादन वन मंडल की पूर्वी सीमा एवं सिवनी जिले की सीमा.
				2. बैहर उत्पादन (बैहर)	1. पूर्व बैहर (बैहर) 2. पश्चिम बैहर (बैहर) 3. बिरसा सालेटेकरी (बिरसा) 4. बैहर डिपो (बैहर)	**उत्तर**—वन विकास निगम लामता परियोजना बालाघाट, मंडला जिला कान्हा नेशनल पार्क एवं बफर जोन वन मंडल की सीमा. **पूर्व**—छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा. **दक्षिण**—उकवा उप वन मण्डल उत्पादन एवं लांजी उप वन मंडल उत्पादन की उत्तरी सीमा. **पश्चिम**—उकवा उप वनमंडल उत्पादन एवं दक्षिण उत्पादन पूर्वी सीमा.	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
			2. दक्षिण उत्पादन वन मंडल बालाघाट (बालाघाट)	1. बालाघाट (बालाघाट)	1. बालाघाट (बालाघाट) 2. लौगूर (लौगूर) 3. वारासिवनी (वारासिवनी) 4. गर्रा डिपो (गर्रा)	**उत्तर**—उकवा उत्पादन उप वन मंडल की दक्षिण सीमा. **पूर्व**—उकवा उत्पादन उप वन मंडल एवं बैहर उत्पादन उप वनमंडल बालाघाट की पश्चिमी सीमा. **दक्षिण**—किरनापुर उत्पादन उप वन मंडल की उत्तरी सीमा एवं महाराष्ट्र राज्य की सीमा. **पश्चिम**—सिवनी जिले की दक्षिण पूर्वी सीमा.	**उत्तर**—सिवनी जिले एवं उत्तर उत्पादन वन मंडल बालाघाट की दक्षिणी सीमा. **पूर्व**—छत्तीसगढ़ राज्य एवं उत्तर बालाघाट उत्पादन वन मंडल की दक्षिण पश्चिमी सीमाएं. **दक्षिण**—महाराष्ट्र राज्य की उत्तरी सीमा. **पश्चिम.**—सिवनी जिला की पूर्वी सीमा.
				2. लांजी (लांजी)	1. किरनापुर (किरनापुर) 2. हट्टा (हट्टा) 3. पूर्व लांजी (लांजी) 4. पश्चिम लांजी (लांजी) 5. लांजी डिपो (लांजी)	**उत्तर**—बालाघाट उत्पादन उप वन मंडल की दक्षिण सीमा. **पूर्व**—उकवा उत्पादन उप वन मंडल की पश्चिमी सीमा एवं छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा. **दक्षिण**—बाघ नदी एवं महाराष्ट्र राज्य की सीमा. **पश्चिम**—बालाघाट उत्पादन उप वन मंडल की पूर्वी सीमा.	

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रशांत कुमार, सचिव.

भोपाल, दिनांक 20 दिसम्बर 2012

क्र. एफ-25-63-2010-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-25-63-2010-दस-3, दिनांक 20 दिसम्बर 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रशांत कुमार, सचिव.

Bhopal, the 20th December 2012

No. F 25-63-2010-X-3.—In exercise of the Powers vested with Government of Madhya Pradesh the West production Division Balaghat is hereby abolished and Production Divisions of Balaghat forest circle are reorganised by partially amending the notification No. F 25-15-90-X-3, dated 30th September 1992 of Madhya Pradesh Government forest department as under :—

S. No.	Name of Forest Circle	District	Name of Production Forest Division (Head Quarter)	Name of Production sub Division (Head Quarter)	Included Production Ranges & Depot (Head Quarter)	Descriptions of Boundaries of Productions Sub Divisions	Descriptions of Boundaries of Productions Divisions
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1	Balaghat	Balaghat	North Production Division Balaghat (Balaghat)	1. Ukwa Production (Balaghat)	1. South Lamta (Lamta) 2. North Lamta (Lamta) 3. Ukwa (Lamta) 4. Ukwa Depot (Ukwa) 5. Lamta Depot (Lamta)	**North**—Boundary of Van Vikas Nigam Lamta Project Balaghat. **East**—Western boundary of Baihar Production sub-division & Western boundary of South production division. **South**—Northern boundary of south production division & Vainganga river. **West**—Vainganga river & boundary of Lamta project division.	**North**—Mandla district boundary of kanha national park & buffer zone division Mandla. **East**—Boundary of Chhattisgarh State. **South**—Northern boundary of south production division Balaghat. **West**—Eastern boundary of south production division Balaghat & boundary of Seoni district.
				2. Baihar (Baihar)	1. East Baihar (Baihar) 2. West Baihar (Baihar) 3. Birsa Saletakari (Birsa) 4. Baihar Depot (Baihar)	**North**—Boundary of Van Vikas Nigam Lamta Project division Balaghat Mandla district & Kahana national park buffer zone division. **East**—Boundary of Chhatisgarh state. **South**—Northern boundary of Ukwa production sub division and Lanji Production sub division.	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
						West—Eastern boundary of Ukwa Production sub division.	
			2. South production division Balaghat (Balaghat)	1. Balaghat (Balaghat)	1. Balaghat (Balaghat) 2. Lagur (Lagur) 3. Varaseoni (Varaseoni) 4. Garra Depot (Garra).	**North**—Southern boundary of Ukwa production sub division Balaghat. **East**—Western boundary of Ukwa production sub division & Baihar production sub division Balaghat. **South**—Northern boundary of kirnapur production sub division Balaghat & Maharastra state boundary. **West**—South-East boundary of Seoni district.	**North**—Southern boundary of Seoni district & north production division. **East**—South-west boundary of Chhattisgarh state & North production division Balaghat. **South**—Northern boundary of Maharastra state. **West**—Eastern boundary of Seoni district.
				2. Lanji (Lanji)	1. Kirnapur (Kirnapur) 2. Hatta (Hatta) 3. East Lanji (Lanji) 4. West Lanji (Lanji) 5. Lanji Depot (Lanji)	**North**—Southern boundary of Balaghat Production Sub Division Balaghat. **East**—South-West boundary of Ukwa Production Sub division & Chhattisgarh state. **South**—Baghanadi & Maharastra state boundary. **West**—Eastern boundary of Balaghat Production Sub division.	

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
PRASHANT KUMAR, Secy.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
''निर्वाचन भवन''
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, (मध्यप्रदेश)—462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 14 दिसम्बर 2012

क्र. एफ. 67-45-10-तीन-1968.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद्, अशोकनगर, जिला अशोकनगर** के आम निर्वाचन में **श्री दिनेश बैरसिया** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् (दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को शासकीय अवकाश होने से) दिनांक 18 जनवरी 2010 तक **श्री दिनेश बैरसिया** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर के पास दाखिल करना था, किन्तु जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर के पत्र दिनांक 20 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री दिनेश बैरसिया** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री दिनेश बैरसिया** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 27 अगस्त 2011 को जारी कर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर के माध्यम से अभ्यर्थी द्वारा दिये गये पते पर निवास न करने के कारण, अभ्यर्थी को कारण बताओ नोटिस स्थानीय समाचार पत्र में दिनांक 11 सितम्बर 2012 को प्रकाशित कराके तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री दिनेश बैरसिया** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री दिनेश बैरसिया** को नोटिस स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक 11 सितम्बर 2012 तामील कराया गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अशोकनगर से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 12 सितम्बर 2012 में लेख किया है कि नोटिस समाचार पत्र में प्रकाशित कराने के उपरान्त **श्री बैरसिया** दिनांक 12 सितम्बर 2012 को जिला कार्यालय में उपस्थित होकर मूल निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर मय व्हाउचर के प्रस्तुत किया है, किन्तु विलम्ब के लिये कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया है. अत: उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा श्री बैरसिया के विरुद्ध नियमों के अंतर्गत निर्वाचन व्यय लेखा समयावधि में प्रस्तुत न करने के संबंध में कार्यवाही किये जाने की अभिमत प्रस्तुत किया है.

विचारोपरान्त आयोग द्वारा अभ्यर्थी **श्री दिनेश बैरसिया** को दिनांक 7 नवम्बर 2012 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से अभ्यर्थी को सूचना पत्र की तामीली दिनांक 12 अक्टूबर 2012 को विहित समयावधि में कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी **श्री दिनेश बैरसिया** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए. अभ्यर्थी द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री दिनेश बैरसिया** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने में का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री दिनेश बैरसिया** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद्, अशोकनगर** जिला अशोकनगर का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश दिनांक से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 14 दिसम्बर 2012

क्र. एफ. 67-45-10-तीन-1969.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद्, अशोकनगर, जिला अशोकनगर** के आम निर्वाचन में **श्री प्रसन्न कुमार जैन** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् (दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को शासकीय अवकाश होने से) दिनांक 18 जनवरी 2010 तक **श्री प्रसन्न कुमार जैन** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर के पास दाखिल करना था, किन्तु जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर के पत्र दिनांक 20 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री प्रसन्न कुमार जैन** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री प्रसन्न कुमार जैन** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 27 अगस्त 2011 को जारी किया गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर के माध्यम से अभ्यर्थी को नोटिस की तामीली दिनांक 15 सितम्बर 2011 को कराई गई. कारण बताओ नोटिस में **श्री प्रसन्न कुमार जैन** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री प्रसन्न कुमार जैन** को नोटिस दिनांक 15 सितम्बर 2011 को तामील कराया गया. नोटिस तामीली उपरान्त अभ्यर्थी से आयोग में प्राप्त अभ्यावेदन के संबध में कलेक्टर का अभिमत प्राप्त हुआ है कि **श्री प्रसन्न कुमार जैन** के द्वारा आयोग को प्रेषित पत्र दिनांक 1 अक्टूबर 2011 में लेख किया है कि जिला निर्वाचन कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखा जमा करा दिया था, किन्तु कार्यालय द्वारा पावती नहीं दी गई इस संबंध में कार्यालयीन द्वारा सूचना पत्र क्रमांक 863 दिनांक 11 जुलाई 2012 को जारी कर जानकारी चाही गई कि जिला निर्वाचन कार्यालय में किस अधिकारी/कर्मचारी को अपना व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत किया गया है समक्ष में उपस्थित होकर बताएं. **श्री प्रसन्न कुमार जैन** द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया है.

विचारोपरान्त आयोग द्वारा अभ्यर्थी **श्री प्रसन्न कुमार जैन** को दिनांक 7 नवम्बर 2012 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 12 अक्टूबर 2012 के अनुसार अभ्यर्थी को सूचना पत्र की तामीली दिनांक 12 अक्टूबर 2012 को विहित समयावधि में कराई गई. अभ्यर्थी **श्री प्रसन्न कुमार जैन** उक्त दिवस को व्यक्गित सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए. लेकिन सूचना पत्र की तामीली उपरान्त अभ्यर्थी **श्री जैन** ने अपना अभ्यावेदन तथा मूल निर्वाचन व्यय लेखे रजि. डाक से आयोग को प्रेषित किये हैं तथा अभ्यर्थी द्वारा अपने अभ्यावेदन में अंकित किया है कि उनका स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे समक्ष में उपस्थित नहीं हो सके हैं. लेकिन विलम्ब से व्यय लेखा प्रस्तुत करने एवं स्वास्थ्य खराब होने संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र अपने अभ्यावेदन के साथ संलग्न प्रेषित नहीं किया है. यहां यह उल्लेखनीय है कि पूर्व में प्रेषित अभ्यावेदन में अभ्यथी **श्री प्रसन्न कुमार जैन** ने लेख किया है कि व्यय लेखे जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करा दिया था, किन्तु कार्यालय द्वारा पावती नहीं दी गई, इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय ने उनसे यह जानकारी चाही कि अभ्यर्थी ने किस अधिकारी/कर्मचारी को अपना व्यय लेखा रजिस्टर प्रस्तुत किया गया है समक्ष में उपस्थित होकर बताएं. इस संबंध में अभ्यर्थी **श्री प्रसन्न कुमार जैन** द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया. अत: दिनाक 15 नवम्बर 2012 को आयोग में प्राप्त मूल निर्वाचन व्यय लेखे से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी ने व्यय लेखे पूर्व में जमा नहीं किये तथा स्वास्थ्य खराब होने के कारण व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं होने संबंधी कोई चिकित्सा प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत नहीं किया. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री प्रसन्न कुमार जैन** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री प्रसन्न कुमार जैन** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद्, अशोकनगर जिला अशोकनगर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के दिनांक से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 14 दिसम्बर 2012

क्र. एफ. 67-45-10-तीन-1970.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद्, अशोकनगर, जिला अशोकनगर** के आम निर्वाचन में **श्री नफीस अहमद पुत्र हमीद अहमद** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् (दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को शासकीय अवकाश होने से) दिनांक 18 जनवरी 2010 तक **श्री नफीस अहमद** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर के पास दाखिल करना था, किन्तु जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर के पत्र दिनांक 20 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री नफीस अहमद** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री नफीस अहमद** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 27 अगस्त 2011 को जारी कर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोकनगर के माध्यम से दिनांक 15 सितम्बर 2011 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री नफीस अहमद** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री नफीस अहमद** को नोटिस दिनांक 15 सितम्बर 2011 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 30 सितम्बर 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. नोटिस तामीली उपरान्त अभ्यर्थी **श्री नफीस अहमद** द्वारा आयोग में निर्वाचन व्यय लेखे प्रेषित किये गये जो कि आयोग में दिनांक 3 अक्टूबर 2011 को प्राप्त हुए. अभ्यर्थी से प्राप्त उक्त व्यय लेखे के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अशोकनगर से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 8 अगस्त 2012 में लेख है कि ''**श्री नफीस अहमद** द्वारा प्रेषित मूल निर्वाचन व्यय लेखा अनुसार व्हाउचर संलग्न है किन्तु निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर के संलग्न शपथ पत्र प्रोफार्मा-ग किसी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित नहीं है. उपरोक्त खामियों की पूर्ति कराने के लिये अभ्यर्थी को कार्यालयीन पत्र क्रमांक 864, दिनांक 11 जुलाई 2012 के द्वारा सूचना पत्र जारी किया गया, लेकिन **श्री नफीस अहमद** द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर खामियों की पूर्ति नहीं की गई, न ही कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया.''.

विचारोपरान्त आयोग द्वारा अभ्यर्थी **श्री नफीस अहमद** को दिनांक 7 नवम्बर 2012 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 12 अक्टूबर 2012 के अनुसार अभ्यर्थी को सूचना पत्र की तामीली दिनांक 12 अक्टूबर 2012 को विहित समयावधि में कराई गई है, किन्तु अभ्यर्थी **श्री नफीस अहमद** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए. अभ्यर्थी द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री नफीस अहमद** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री नफीस अहमद पुत्र हनीफ अहमद** को

इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद्, अशोकनगर, जिला अशोकनगर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के दिनांक से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 14 दिसम्बर 2012

